दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 97 मुरादाबाद 01 August 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, लीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशवासियों से अपील- 13 से 15 अगस्त तक घरों पर फहराएं तिरंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाया जा रहा अमृत महोत्सव एक जन आंदोलन का रूप ले रहा है और सभी क्षेत्रों एवं समाज के हर वर्ग के लोग इससे जुड़े अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। मन की बात के 91वें संस्करण में देशवासियों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान का उल्लेख किया और लोगों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहराकर इस आंदोलन का हिस्सा बनने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत में आजादी के आंदोलन में आहूति देने वाले योद्धाओं को नमन किया और अमृत महोत्सव अभियान के तहत देश भर में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर बहुत खुशी होती है कि आजादी का अमृत महोत्सव एक जन आंदोलन का रूप ले रहा है। सभी क्षेत्रों और समाज के हर वर्ग के लोग इससे जुड़े अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने इस कड़ी में मेघालय में स्वतंत्रता सेनानी यू. टिरोत सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, कर्नाटक में अमृता भारती कन्नडार्थी नाम के अभियान और स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास से जुड़े रेलवे



स्टेशनों पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की एक लंबी सूची है। उन्होंने देशवासियों से ऐसे कार्यक्रमों में शिरकत करने की अपील भी की। प्रधानमंत्री ने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हो रहे इन सभी आयोजनों का सबसे बड़ा संदेश यही है कि हम सभी देशवासी अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा से पालन करें, तभी हम अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों का सपना पूरा कर पायेंगे, उनके सपनों का भारत बना पाएंगे। कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके खिलाफ देशवासियों की लड़ाई अभी जारी है और पूरी दुनिया आज भी इससे जूझ रही है। मोदी ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में भारतीय पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों के योगदान का विस्तार से जिक्र किया और कहा कि आयुष ने वैश्विक स्तर पर इसमें अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में आयुर्वेद एवं भारतीय औषधियों के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है और यही वजह है कि आयुष के निर्यात में रिकार्ड तेजी आई है तथा इस क्षेत्र में कई नए स्टार्ट-अप भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, कोरोना काल में औषधीय पौधों पर शोध में भी बहुत वृद्धि हुई है। इस बारे में बहुत सारे शोध पत्र प्रकाशित हो रहे हैं। यह निश्चित रूप से एक अच्छी शुरुआत है। पीएम मोदी ने खिलौनों के आयात में कमी का जिक्र करते हुए बताया कि भारत में इसके आयात में 70 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने बताया कि भारत से खिलौनों का निर्यात 300 से 400 करोड़ रुपए से बढ़कर 2,600 करोड़ रुपए हो गया है।

## भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग में सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- विकास पथ पर चल रहा प्रदेश, कानून-व्यवस्था का राज



चित्रकूट- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम सत्र में सुशासन की ओर बढ़ता उत्तर प्रदेश विषय पर बोलते हुए कहा कि वर्षों बाद प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद बड़े बदलाव आए। एक्सप्रेसवे से लेकर पर्यटन विकास के बड़े काम हुए हैं। पूर्ववर्ती सरकारों ने कुछ भी नहीं किया। यही वजह रही कि जनता ने दोबारा भाजपा पर भरोसा जताया। इसके पीछे समर्पित कार्यकर्ता हैं। उनकी वजह से ही ऐसी स्थिति बनी है। भविष्य भी हमारा है, उनका इशारा 2024 के लोकसभा चुनाव की तरफ रहा। समझाया कि कार्यकर्ता एकजुटता से काम करते रहें, तो हमारी ताकत बढ़ती ही जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा-कार्यकर्ता सबकुछ, जन-जन तक सरकार की उपलब्धियां पहुंचाएं। कार्यकर्ताओं तक यहां बैठे पदाधिकारी संगठन व सरकार के कामों को बताएं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन संबोधन के लिए चित्रकूट पहुंच गए। हेलीपैड पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के साथ ही जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज से तुलसीपीठ में मुलाकात की। इस दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट को राजकीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने की मांग रामभद्राचार्य ने उनसे रखी। चित्रकूट का समुचित विकास कराए जाने के साथ ही मंदाकिनी की अविरल धारा को लेकर भी बात हुई। उन्होंने जगद्गुरु को आश्वासन दिया कि जल्द ही सरकार मंदाकिनी को लेकर और बेहतर काम करेगी।

## बांदा में महिला से अभद्रता, बाल पकड़कर घसीटा, फिर जेठ ने प्राइवेट पार्ट में डाला मिर्च का पाउडर

यूपी में एक और महिला के साथ हैवानियत भरी घटना सामने आई है। इस बार की घटना बांदा की है। यहां जमीन की खातिर परिवार वाले ही महिला के लिए हैवान बन गए। इसमें घर की अन्य औरतों में भी साथ दिया। महिला को युवक ने पहले जमकर पीटा। बाल खींचे, लात-घूंसे मारे। इसके बार महिलाओं ने उसकी कपड़े फाड़ दिए। हैवानियत की इंतेहा यहीं नहीं रुकी, महिला के प्राइवेट पार्ट में जेठ ने लाल मिर्च का पाउडर डाल दिया। महिला की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो बांदा जिले के



तिंदवारी गांव का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जमीन के टुकड़े की खातिर उसके ही घर वाले उसके लिए हैवान बन गए। पीड़ित महिला ने आरोप लगा कि पिटाई करने वालों ने उसके साथ अभद्रता की सारी हदें पार कर दीं। महिला का आरोप है कि मारपीट के बाद उसके जेठ ने प्राइवेट पार्ट में मिर्ची का पाउडर डाला। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर महिला की ओर से दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना 25 जुलाई के बीच की बताई जा रही है। महिला ने बताया कि पहले घर वालों ने उसके बाल पकड़कर खींचे, फिर उसे जमकर पीटा। इतने से भी मन नहीं भरा तो घर की अन्य महिलाओं ने उसके कपड़े फाड़ दिए। उसके साथ अश्लील हरकतें की गईं। बाहर ले जाकर अर्धनग्न हालत में सड़क पर घुमाया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि बड़ी मुश्किल से वह भागी और अपनी जान बचाई।

## कन्नौज में महिलाओं और बच्चों ने शराब ठेके पर बोला धावा, जमकर की तोड़फोड़

यूपी के कन्नौज में महिलाओं और बच्चों ने शराब ठेका पर धावा बोल दिया, इसके बाद यहां जमकर तोड़फोड़ की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम गधइया ऊसर में शराब की दुकान खुलने का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। शनिवार को गांव की महिलाओं और बच्चों ने शराब की दुकान पर धावा बोल कर तोड़फोड़ करके विरोध जताया। तोड़फोड़ का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है। तालग्राम थाना के ग्राम गधैया ऊसर में करीब छह माह पहले नए ठेका आवंटन में देशी शराब का ठेका आवंटित हुआ है। गांव में ठेका खुलने से शराबियों का जमावड़ा लगा रहता



है। शराब ठेका बंद कराने के विरोध में शनिवार शाम महिलाओं व बच्चों ने शराब ठेका की दुकान पर धावा बोल कर शराब की बोतलें नष्ट कर दीं। किसी ने मौके पर वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। बताया गया कि सेल्समैन की सूचना पर पुलिस पहुंचीं। ठेका मालिक ने मामले की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# हमीरपुर में दारोगा ने महिला को दी थर्ड डिग्री, घर के अंदर बेरहमी से पीटा फिर तीन दिन अवैध हिरासत में रखा, सस्पेंड

एक बार फिर यूपी पुलिस का हैवानियत भरा चेहरे सामने आया है। हमीरपुर में दारोगा ने एक महिला के साथ जो किया उसे सुनकर आपकी भी रूह कांप जाएगी। दरअसल गांव की एक महिला अपने पति के कथित चोरी के आरोपों की वजह से पुलिस की हैवानियत का शिकार हुई। तीन दिन पूर्व पति की तलाश में दबिश देने पहुंची राठ पुलिस ने पति के न मिलने पर उसकी पत्नी को घर के अंदर बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं दरोगा जब हैवान बना हुआ था, तब उसने महिला पुलिस कर्मी को घर के बाहर कर दिया, इसके बाद घर में तोड़फोड़ भी की गई। इसके बाद दारोगा महिला को कोतवाली ले गया जहां पर उसे थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया। दारोगा का इतने से भी मन नहीं भरा तो उसे तीन दिनों तक अवैध हिरासत में रखा। मामले की जानकारी होते ही एसपी ने आरोपी दारोगा को तुरंत सस्पेंड कर दिया। साथ ही सीओ राठा को मामले की जांच सौंपी है। सूत्रों के मानें तो अभी और लोगों पर कार्रवाई हो सकती है।

## महिला के पति की चोरी के इल्जाम में पुलिस को तलाश

बिलरख गांव की मंजुल पत्नी सीताराम को शनिवार को पुलिस सीएचसी लेकर आई थी। मंजुल ने कोतवाली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि बीते तीन दिन पूर्व राठ कोतवाली का दरोगा देवीदीन व कुछ अन्य पुलिसकर्मी उसके पति सीताराम को चोरी के आरोप में पकड़ने आए हुए थे। उसी समय वह सब्जी लेकर अपने घर पहुंची थी। तभी वहां मौजूद दरोगा देवीदीन उसे लाठी मारते हुए घर के अंदर ले गया। महिला पुलिस कर्मी को बाहर कर दिया। उसके बाद उक्त दरोगा ने उसे बेरहमी से मारापीटा और घर में तोड़फोड़ की। बाद में पुलिस कर्मी उसे अपने साथ कोतवाली ले गए, जहां उसे एक कमरे में तीन दिन से बंद करके रखा है। मंजुल का कहना है कि दरोगा द्वारा की गई मारपीट से उसके चोटें आई हैं। चलने-फिरने एवं बैठने के लायक भी नहीं बची है।

## दरोगा को बचाने के पैंतरे आजमा रहे थे कोतवाल

मंजुल के साथ हुई बेरहमी के बाद राठ कोतवाल दिनेश सिंह दरोगा के बचाव में उतर आए, लेकिन दारोगा को सस्पेंड होने से नहीं बचा सके। कोतवाल ने बताया कि महिला के आरोप निराधार हैं। महिला के पति सीताराम के ऊपर चोरी का मुकदमा दर्ज है। महिला पर मुकदमा दर्ज कराने वाले व्यक्ति के साथ गाली-गलौज कर रही थी, जिस वजह से उसका शांतिभंग की धाराओं में चालान किया गया है। एक महिला को तीन दिन तक अवैध हिरासत में रखने के बाद शांतिभंग में चालान पुलिस का सिर्फ लीपापोती का प्रयास है। सीएचसी पहुंची मंजुल को चलने-फिरने में दिक्कत हो रही थी।

# कैमरे की नजर में होगी निगरानी, अपराध पर लगेगा अंकुश

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को माला पहनाकर किया सम्मानित जनपद में घटनाओं पर अंकुश लगाने व सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यापारियों के साथ पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गोष्ठी की गई थी, जिसमें व्यापारी बंधुओं से कस्बा, चौराहा व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की गई थी। जिस क्रम में चौकी बदला क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बदला में मो0 अमीन (रजा गारमेंट) ने नासिर गंज रोड पर 02 सीसीटीवी लगवाए तथा मो0 शमीम (सानिया रेडीमेड) द्वारा 02 सीसीटीवी कैमरे गिरंट बाजार रोड पर लगवाए गए। इनकी सूचना अपर पुलिस अधीक्षक व चौकी इंचार्ज बदला को दी गई अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा बदला पहुंचकर लगवाए गए सीसीटीवी को चेक किया गया तथा उक्त सराहनीय कार्य के लिए दोनों व्यापारी बंधुओं को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि रोड साइड पर सीसीटीवी लग जाने से अपराध पर अंकुश लगेगा।

# अब ऑनलाइन खरीदिए गोरक्षनगरी में बनी बांस की राखियां, 40 से 200 रुपये की रेंज में उपलब्ध

गोरखपुर में ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाई गई बांस की राखियां अब ऑनलाइन भी उपलब्ध हो गई हैं। कोई भी ऑनलाइन आर्डर देकर बांस की राखियों की डिलीवरी घर पर प्राप्त कर सकता है। बांस की ये राखियां गोरखपुर चिड़ियाघर में स्थित नेशनल बंबू मिशन के स्टाल पर भी उपलब्ध हैंये राखियां ?गोरखपुर वन प्रभाग की पहल पर कैम्पियरगंज के लक्ष्मीपुर स्थित नेशनल बंबू मिशन की सीएफसी (सामान्य सुविधा केंद्र) में तैयार की गई हैं। फैशन एसेसरीज की प्रतिष्ठित ई कामर्स वेबसाइट 2ww.moltbo&.com पर बांस की राखियों की लंबी रेंज देख व ऑनलाइन आर्डर देकर खरीद सकता हैये राखियां 40 रुपये से लेकर 200 रुपये से अधिक रेंज तक में उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश में पहली बार बांस की राखियां बनाई गई हैं। इन्हें नेशनल बंबू मिशन के सामान्य सुविधा केंद्र लक्ष्मीपुर, कैम्पियरगंज से जुड़े स्वयंसेवी समूह की महिलाओं ने तैयार किया है। इन राखियों की डिजाइन भी इन्हीं महिलाओं की ही कल्पनाशीलता की देन है।

# निर्माणाधीन कारागार का निरीक्षण कर लिया जायजा



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द किया जाए पूरा-मंत्री, कारागार प्रदेश के राज्यमंत्री( स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग, उ0प्र0 शासन धर्मवीर प्रजापति जी ने जनपद में निर्माणाधीन जिला कारागार का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान मंत्री ने वहीं पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी अधूरे कार्य हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए, ताकि कारागार को प्रारम्भ कराया जा सके इस दौरान राजकीय निर्माण निगम के सहायक अभियंता अरविन्द कुमार ने मंत्री को अवगत कराया कि बजट के अभाव में कारागार का अवशेष कार्य रूका है। जेल का अवशेष कार्य कराने शासन स्तर से वित्त समिति द्वारा धनराशि की स्वीकृति हो गई है, लेकिन बजट अभी प्राप्त नही हुआ है। बजट प्राप्त होते ही कारागार का अवशेष कार्य कराकर कारागार का निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा। जिस पर मा0 मंत्री जी ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही शासन स्तर से धनराशि उपलब्ध करा दिया जायेगा, ताकि जेल का अवशेष कार्य पूरा कराकर चालू कराया जा सके इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमन सिंह, उपजिलाधिकारी आशुतोष, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे, जेल अधीक्षक बहराइच, जेल अधीक्षक बलरामपुर, उप कारागार अधीक्षक बहराइच, राजकीय निर्माण निगम के अवर अभियंता रजनीश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री जी के मन की बात के कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रविंद्र पाल सिंह सम्मिलित हुए



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के मन की बात का कार्यक्रम भाजपा के धनीपुर मंडल के अध्यक्ष ठाकुर कुशल पाल सिंह के आवास एवं कार्यालय पर संपन्न हुआ इस मन की बात के कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के आधा दर्जन के करीब कार्यकर्ताओं ने भाग लिया अलीगढ़ के लोकप्रिय विधायक ठाकुर रविंद्र पाल सिंह ने इस कार्यक्रम में भाग लिया

उनके साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात का कार्यक्रम सुना धनीपुर भाजपा के मंडल अध्यक्ष ठाकुर कुशल पाल सिंह ने प्रधानमंत्री जी के मन की बात के कार्यक्रम में आए हुए सभी सभी कार्यकर्ताओं का एवं क्षेत्र की जनता एवं किसानों का काफी आदर सत्कार किया इस कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष चित्र पाल सिंह महानगर के मंत्री अमित प्रताप सिंह महानगर के किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सनी ठाकुर आदि ने प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया

# नालियो के पानी से भरा सत्तीचौरा मार्ग

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावण मास के पवित्र माह में लोगो को नालियो के भरे गंदे पानी से गुजर कर जाना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि नई बाजार के भरत मिलाप चौराहे से सत्तीचौरा मार्ग पर लोगो का निकलना आफत मोल लेने के बराबर है क्योंकि सड़क का पता नही है केवल गडढे ही दिखाई देते है नालियो के साफ सफाई न होने से सारा पानी गड्ढा रूपी सड़को पर भर जाता है जिसमे स्कूली बच्चो से लेकर मोहल्ले में बने शिव मंदिरों में भक्तों को भी उसी गंदगी से आना जाना पड़ता है कभी कभी यह भी देखने को मिल जाता है कि फिसलन होने के कारण छोटे छोटे बच्चे व महिलाये निकलते समय गिरकर चोट खा जाती है इसके बावजूद भी जिला प्रशासन व नगरपालिका का ध्यान नही जा रहा है

# Lekhpal Recruitment E&am में मेरठ एसटीएफ ने पकड़े चार साल्वर, मुरादाबाद में दे रहे थे परीक्षा



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- लेखपाल भर्ती परीक्षा भी नकल माफिया से अछूती नहीं रही। बरेली में परीक्षा दे रहे सॉल्वर को पकड़ने के बाद मुरादाबाद में भी सॉल्वर के पकड़े जाने की खबर है। बरेली में बरेली एसटीएफ को तो मुरादाबाद में मेरठ एसटीएफ को सॉल्वर पकड़ने में सफलता मिली है। मेरठ एसटीएफ ने मुरादाबाद से सॉल्वर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सॉल्वर हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले हैं, जो बागपत के युवकों की जगह लेखपाल की परीक्षा दे रहे थे। मुरादाबाद में 33 केंद्रों पर सुबह 10 बजे लेखपाल भर्ती परीक्षा शुरू हुई थी।मेरठ एसटीएफ ने मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के स्वरूपी देवी इंटर कालेज से एक और सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के पीएमएस कालेज से तीन साल्वर पकड़े हैं। एसटीएफ ने संदीप, मोहित, नीरज और रवींद्र को पकड़ा है।इनमें से नीरज सरोडा बड़ौत का रहने वाला है, जबकि अन्य तीन घवाना थाना सदर बाजार जनपद सोनीपत हरियाणा के रहने वाले हैं। Meerut STF अभी चारों से पूछताछ कर रही है। सुरक्षा व्यवस्था और नकल रोकने के कड़े इंतजाम किए गए थे। मुरादाबाद में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए मेरठ एसटीएफ को जिम्मेदारी दी गई थी। मेरठ एसटीएफ ने मुरादाबाद के स्वरूपी देवी मेमोरियल कॉलेज के केंद्र से एक सॉल्वर को पकड़ा है। जबकि तीन अन्य को दूसरे केंद्र पीएमएस कॉलेज से दबोचा है।स्वरूपी देवी कॉलेज के प्रधानाचार्य ने साल्वर का नाम संदीप बताया है। चार सॉल्वर को पकड़ने के बाद मेरठ एसटीएफ उसे अपने साथ ले गई है। पकड़े गए चारों सॉल्वर से मेरठ एसटीएफ के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। हालांकि अभी अधिकारियों की ओर से कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है।

# दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर भोलेनाथ ने किया तांडव, हाईवे पर सिर्फ Kanwar Yatri, वाहन गायब



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- अमरोहा- सावन के तीसरे सोमवार के लिए ब्रजघाट से कांवड़ लेकर मंजिल की ओर बढ़ रहे शिवभक्तों ने दिल्ली लखनऊ हाईवे को भक्तिमय कर दिया। कांवड़ यात्री बड़े-बड़े जत्थों में निकले तो हर तरफ भोले के भक्त ही नजर आए। लग रहा था हाईवे से जैसे वाहन गायब हो गए हों, लेकिन वाहन दूसरी साइड से निकल रहे थे। इस दौरान भोलेनाथ का तांडव नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा। बड़े-बड़े जत्थों में भोलेनाथ की वेशभूषा में भक्त तांडव नृत्य करते हुए निकल रहे थे। जिसे देखने के लिए दूसरी साइड से निकल रहे वाहनों के पहिए थम गए।सबसे बड़े जत्थे में दो हजार से अधिक कांवड़िये शामिल थे। ब्रजघाट से लेकर गजरौला तक दिल्ली-मुरादाबाद हाईवे पर पूरी तरह से कांवड़ियों का कब्जा रहा। हर ओर बम-बम भोले के साथ डीजों पर बज रहे भगवान शंकर के भजनों की गूंज रही। जत्थे में शामिल भोलेनाथ की झांकी ने भी तांडव किया। वहीं भाजपाइयों ने पुष्पवर्षा भी की।रविवार को भाजपा के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व हसनपुर ब्लाक प्रमुख के पुत्र मुदित गुर्जर के नेतृत्व में दो हजार से अधिक कांवड़ियों का जत्था ब्रजघाट से जल लेकर वापस सैदनगली के बढ़ा। इस जत्थे में 20 से अधिक ट्रैक्टर ट्राली भी शामिल हैं। इसके अलावा जत्थे में शामिल भगवान शंकर, पार्वती व काली मां के अलावा अन्य देवी-देवताओं की झांकियां भी लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही थी। ब्रजघाट से गजरौला तक पूरी तरह से सड़क पर कांवड़ियों का कब्जा रहा। जब जत्था चौपला पर पहुंचा तो यहां पुलिस चौकी के सामने रोक दिया और फिर यहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांवड़ियों के ऊपर पुष्प वर्षा की। इसके बाद कांवड़िये भी भगवान शंकर के भजनों पर जमकर थिरके।ऐसी स्थिति में चौपला चौराहे पर चौतरफा जाम की समस्या भी बन गई। करीब आधा घंटे से अधिक यहां पर स्वागत होने के बाद कांवड़ियों का जत्था हसनपुर मार्ग होते हुए गंतव्य की ओर रवाना हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण सिंह ने बताया कि जत्थे में लगभग दो हजार कांवड़िये शामिल थे। गजरौला से पास हो गया है।



# सपना चौधरी के मामले में गवाही पूरी, अब 17 अगस्त को होगी बहस, फिर कोर्ट में तलब हो सकती है हरियाणवी डांसर



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मुरादाबाद की अदालत में चल रहे हरियाणवी डांसर सपना चौधरी के परिवाद में गवाही पूरी हो गई है। अब इस मामले में अदालत में बहस होगी। बहस के लिए अदालत ने 17 अगस्त की तारीख तय की है। इसके बाद ही सपना चौधरी को तलब करने पर निर्णय हो सकता है। हरियाणवी डांसर सपना चौधरी 11 जून 2019 को रेलवे स्टेडियम मुरादाबाद आई थीं। यहां सपना चौधरी पर अश्लील व भड़काऊ डांस करने का आरोप लगा था। इससे भीड़ उत्तेजित हो गई थी। पुलिस को भीड़ नियंत्रण करने के लिए लाठी चार्ज करना पड़ा था। इस दौरान कई लोग चोटिल हुए थे। मुरादाबाद शहर जाम हो गया था। इतना ही नहीं भारतीय संस्कृति की भी काफी छवि धूमिल हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए देर रात तक डीजे बजाया गया था। सरकारी धन का भी दुरुपयोग किया गया था। इस मामले से आहत होकर रामेश्वर दयाल तुरैहा ने अदालत में परिवाद दाखिल कराया था। अधिवक्ता सचिन कश्यप के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुरादाबाद की अदालत में परिवाद दायर किया था। जिसकी सुनवाई एसीजेएम पांच की अदालत में चल रही है। वादी के वकील सचिन कश्यप ने बताया कि वाद में गवाह मंजू राठौर और प्रमोद कुमार के बयान दर्ज हो गए हैं। अदालत ने बहस के लिए 17 अगस्त की तारीख लगाई है।

## बिना पंजीयन के चलती मिली पैथ लैब

मुरादाबाद स्वास्थ्य विभाग ने अपंजिकृत पैथलैब और झोलाछाप के खिलाफ छठे दिन फिर कार्रवाई की है। शनिवार की दोपहर प्रिंस रोड स्थित बायोटेक पैथलैब को सील कर दिया गया। सीएमओ कार्यालय में पंजीयन नहीं था। नोडल अधिकारी डा. संजीव बेलवाल ने वहां कर्मचारी से पूछताछ की तो वह कोई पत्र नहीं दिखा पाया। मौके पर डाक्टर का भी कोई पता नहीं चला। सीएमओ कार्यालय की लिस्ट चेक करने पर पता चला कि इस नाम से कोई पैथलैब भी दर्ज नहीं है। फौरन ही पैथलैब को सील कर दिया गया। पैथलैब संचालक के खिलाफ गलशहीद थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। डा. बेलवाल ने बताया कि झोलाछाप और फर्जी पैथलैब को बंद कराया जाएगा।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com



इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक



क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




## संपादकीय Editorial

# Meaning of saying 'national wife'

How many times will Adhir Ranjan Chowdhury, leader of the Congress Parliamentary Party in the Lok Sabha, slip his tongue? If two more Congress MPs had come out victorious, Adhir would have got the position of 'Leader of Opposition' in the House, which is similar to that of a cabinet minister. The impatient is not a novice MP. His experience in Parliament is old. He knows all the rules and regulations very well, but when his tongue slips, he calls the country's Prime Minister Modi and Home Minister Amit Shah as 'infiltrators'. Swami Vivekananda's childhood name was Narendra Dev. If the name of Prime Minister Narendra Modi comes up in any of his references, then the impatient compares – 'Where Maa Ganga and Kahan Gandi Naali….' ' Have been hiding under the guise of '. The country has tolerated his indecent and indecent words, rather ignored, but he publicly calls the tribal woman President of the country 'Rashtrapati' and keeps repeating the same word despite being interrupted, then it is a slip of the tongue or Hindi knowledge. Can't accept the lack. Adhir Ranjan was sitting on a dharna with Congress MPs at 'Vijay Chowk'. A TV reporter wanted to know whether the MP would go to meet the President today? On the question, Adhir Ranjan uttered the word 'President' twice and then said - 'The Rashtrapati ji of Hindustan is for everyone, why not for us?' We can claim from the experience of our parliamentary coverage that Adhir deliberately Or used the word 'national wife' in a taunting manner. It could also be her 'masculine' and Congress arrogance, as Congress leaders used derogatory words like 'puppet', 'symbol of demonic attitude' and 'representative of poisonous mindset' for Draupadi Murmu during the presidential election. The impatient is not so naive and innocent that the husband and wife do not know the difference between the words! In any case, an insult to His Excellency the President should be unacceptable, as it is not a question of one's personal prestige and dignity, it is also a global insult to the country. Adhir Ranjan has admitted the 'mistake or mistake', but has also said that he will meet President Draupadi Murmu to 'apologise' but will not apologize to 'hypocrites'. He has called the word 'hypocritical' for BJP leaders. Is this any slippery too? We found it appropriate to be very aggressive on this issue by the women MPs of BJP, especially Union Minister Smriti Irani, as it is logical to advocate and protect the person holding the highest constitutional office and take an aggressive stand. The women MPs repeatedly urged the country to apologize to the poor, to the tribals and to the women for this offensive word. Smriti also held Congress President Sonia Gandhi responsible and asked to apologize. The tussle between Sonia and Smriti in the Lok Sabha itself after the adjournment of the House was unprecedented and unexpected. We do not want to repeat that scene word-of-mouth, but this thinking and mentality of politics is not good for our democracy. We believe that the women representatives of the BJP Parliamentary Party should meet the Speaker and request that Adhir Ranjan be more or less suspended for the rest of this session. The opposition, including the Congress, is creating ruckus in the house anyway.


# When Aditya Chopra spoke Hindi, Karan Johar felt downmarket, said- 'I can't bear it'

Karan Johar is one of the top filmmakers of Bollywood in today's era. She started her film career with Aditya Chopra. Karan was the assistant director in Aditya's directorial debut film 'Dilwale Dulhania Le Jayenge'. He also made a cameo appearance in the film as Shah Rukh Khan's friend. You will be surprised to know that in childhood, Karan did not like Aditya's company. He disliked her as he always spoke in Hindi. 'Grown up between Starkids' - Karan and Aditya have a family bond. Aditya is the son of late director Yash Chopra. Karan's mother Hiroo Johar is Yash Chopra's sister who married producer Yash Johar. In his book 'An Unsuitable Boy', Karan has mentioned Aditya. An excerpt from the book is, 'Yes, as a kid, I grew up with Starkids. I knew Hrithik, Abhishek, Shweta, Zoya and Farhan. I was always close to the girls (Shweta and Zoya). The boys were very smart. Especially Abhishek and Farhan. I could never get along with them like that. I didn't like them. Adi (Aditya Chopra) and his gang used to speak a lot in Hindi. It was something that I could not tolerate. I do not like to talk in Hindi – Karan further explains in the book, 'I used to go to my mother and tell her, "Mummy, he only talks in Hindi. Don't send me to his house." She would say, "What do you mean he only talks in Hindi?" I said that his talks used to be very filmy like he would say, "Tune Kranti Dekhi Hai Kya, Kitni Achcha Film Hai." I found it downmarket and uncool to talk in Hindi constantly. I told my mother that I will not talk to these children.



# Ranveer Singh did the girls a favor by being nude! There was a ruckus on this statement of Rakhi Sawant

The controversy over the nude photoshoot of Bollywood actor Ranveer Singh is not taking its name to stop. However, there is no dearth of people supporting the actor. Not only the country but all the celebrities around the world have supported Ranveer Singh and all the stars from Bollywood like actors Arjun Kapoor, Alia Bhatt, Janhvi Kapoor and Parineeti Chopra have supported Ranveer. In this sequence, now Rakhi Sawant has said such a thing on which there seems to be a ruckus. 'Ranveer has done girls a favor' - Rakhi Sawant has shared a video of herself on Instagram, in which she supported Ranveer Singh and said, 'Friends, I am very tired. I am really tired. I have just landed from Dubai, and still I am only listening to Ranveer Singh's nudity. Hey all the girls come in front of the camera completely nude. If a Ranveer has come nude, then how many girls of the country has he been kind to him. That we have seen a boy nude. Hi looking so handsome. Ranveer may not catch my eye anywhere. After this, Rakhi Sawant is seen singing the song 'Hi Garmi' in the video and then says that my Ranveer, you should get a photoshoot done like this. I want to see you like this. Rakhi Sawant trolled on social media- She has been trolled fiercely on this photoshoot of Rakhi Sawant. There has been a ruckus about this video on Instagram. Fans are trolling Rakhi Sawant for promoting nudity. One user wrote – You are cold. Another person wrote – You mean that everyone starts roaming around naked. crazy person. Similarly, many users have given their feedback. One person wrote - What are you saying? Adil will kill you a lot.



## न्यायालय से एनडीपीएस एक्ट तथा नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ के अलग - अलग मामलों में 04 आरोपियों को दिलाई कठोर सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से एनडीपीएस एक्ट तथा नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ के अलग - अलग मामलों में 04 आरोपियों को दिलाई कठोर सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए-

आज दिनांक 30.07.2022 को अभियुक्त रहीश पुत्र ताज मोहम्मद निवासी रेवाड़ी मोहल्ला थाना कोतवाली नगर जिला एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 403/13 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज स्त्रझष्ट 2/ NDPS कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 01 वर्ष 06 माह कठोर कारावास एवं 3000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

आज दिनांक 30.07.2022 को अभियुक्त सुधीर उर्फ करारे पुत्र नेकसेलाल, नेक्सेलाल पुत्र लाखन सिंह व मुन्नी देवी पत्नी नेक्सेलाल निवासीगण लालपुर थाना कोतवाली नगर जिला एटा

संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 383/18 धारा 354,504,352 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट थाना कोतवाली नगर जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 एक्सक्लूसिव पोक्सो कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्तगण सुधीर व नेक्सेलाल को 04-04 वर्ष साधारण कारावास एवं ?12500-12500 के अर्थदंड तथा मुन्नी देवी को धारा 504 भादवि में 1 वर्ष कारावास व 2500 रुपया के अर्थदंड से दण्डित किया है।

## महिला थाना पुलिस द्वारा करवाया गया लावारिस वाहनों का निस्तारण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा तथा श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) श्रीमती स्नेहलता के निकट पर्यवेक्षण में जनपद एटा में अपर मुख्य सचिव गृह (पुलिस) अनुभाग- 13 के पत्र संख्या- 462(1)/6-पु-13-2022 दिनांक 01.04.2022 के क्रम में चलाये जा रहे अभियान माल निस्तारण के क्रम में आज दिनांक 30.07.2022 को तहसीलदार सदर जनपद एटा श्री राजेश कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर एटा श्री कालू सिंह की उपस्थिति में महिला थाना से कुल 03 दो पहिया वाहनों की नीलामी 16600 रूपए में की गई। नीलामी की समस्त प्रक्रिया की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी कराई गई। नीलामी से प्राप्त धन को राजकोष में नियमानुसार जमा किया जायेगा।

## एटा में दबंग लोग अधिवक्ता की जमीन पर कर रहे है अवैध कब्जा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पीड़ित अधिवक्ता नरेंद्र सिंह ने एटा जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार, दबंग अवधेश यादव सहित 8 लोग कर रहे है उनकी पैतृक जमीन पर अवैध कब्जा, एटा डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने दिए कार्यवाही के आदेश, थाना अवागढ़ के वसुंधरा एका चौराहे पर दबंग अवधेश यादव और उसके सहयोगी, अधिवक्तता नरेंद्र सिंह चौहान की जमीन पर कर रहे है दबंगई से कब्जा, आगरा रोड़ के एका चौराहे पर अवैध निर्माण कर गाटर पटिया से डाल रहे है अवैध तरीके से छत, पीड़ित अधिवक्ता नरेन्द्र सिंह चौहान ने दबंग अवधेश यादव,ब्रजेश यादव,करु यादव, प्रमोद यादव,राजेश यादव सहित 8 लोगों पर अधिवक्ता ने लगाया जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप, एटा उपजिलाधिकारी न्यायालय से स्टे होने के बाद भी पीड़ित अधिवक्ता ने क्षेत्रीय वसुंधरा चौकी पुलिस की साठगांठ से कब्जा करने का लगाया आरोप, थाना अवागढ़ के वसुंधरा चौकी क्षेत्र के आगरा रोड़ का मामला।


## प्रकृति संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-ग्रांड मास्टर अभय सिंह राठौर के ब्लैक बेल्ट वर्ल्ड इंडिया सेंटर पर नव चेतना गरीबोत्थान समिति के तत्वावधान में प्रकृति संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर बच्चों को प्रकृति संरक्षण के बारे में बताया गया और बृक्षारोपण कार्यक्रम के द्वारा बच्चों को जागरूक किया गया ।निबंध लेखन ,पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई विजयी प्रतिभागियों को टैबलेट पी सी एवं अन्य पुरुस्कार दिए गए ।गोष्ठी कार्यक्रम में सम्मानित गणमान्यों अमरनाथ गुप्ता एड0,अम्बरीष सिंह राठौर एड0,अजय कुमार मिश्र प्रधानाध्यापक, अरविंद कुमार मिश्र जु0 इ0,आनंद सिंह चौहान,डॉ0 मंजू सिंह राठौर, श्रीमती शिखा सिंह एवं अन्य ग्रामवासी व बच्चे उपस्थित रहे । ताई क्वांडो का भी प्रदर्शन किया गया

## एटा नगरपालिका की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है एटा पुलिस



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-रेल्वे रोड़ पर वारिश से हुई कीचड़ में कांवड़ियों को कीचड़ में निकलता देख, इंद्रपुरी चौकी प्रभारी एसआई संजय सिंह ने किया मानवता भरा काम चौकी इंचार्ज ने मजदूर और जेसीबी मशीन बुलवाकर स्वयं खड़े होकर कीचड़ और दलदल पर मिट्टी,गिट्टी डलवाकर करवाया आम रास्ता सूखा और साफ, कांवड़ यात्रा को लेकर एटा एसएसपी उदयशंकर सिंह ने जिले के पुलिस कर्मियों को कावड़ियों की हर सम्भव मदद के दिये थे निर्देश, एटा कोतवाली नगर प्रभारी रामेन्द्र शुक्ला और चौकी इंचार्ज एसआई संजय सिंह,कॉन्स्टेबल सोनवीर सिंह और नृपेंद्र कुमार सहित चौकी की पुलिस टीम ने किया एसएसपी के आदेश का स-अक्षर से पालन, क्षेत्रीय लोग और रास्ते से निकलने वाले कांवड़िये( 卐भोले卐 ) एटा पुलिस के इस नेक काम की प्रशंसा करते हुए दे रहे है धन्यवाद, एटा के कोतवाली नगर के इंद्रपुरी चौकी क्षेत्र के रेलवे रोड़ बिजली घर के समीप का मामला।

## नगर पालिका चुनाव में मजबूती से उतरेगी आम आदमी पार्टी -आर एस सेंगर जिला प्रभारी एटा

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आम आदमी पार्टी जनपद प्रभारी आर एस सेंगर के एटा आगमन पर जनपद स्थित अगापे पब्लिक स्कूल पर एक कार्यक्रम रखा गया जिसके तहत आम आदमी पार्टी की जन समस्याओं तथा पार्टी को मजबूत दिशा देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं के बीच मंथन किया गया। आपको बता दें

आज आम आदमी पार्टी के एटा जिला प्रभारी के आगमन पर आगपे पब्लिक स्कूल एक बैठक आयोजित की गई बैठक का उद्देश्य आम आदमी पार्टी की समस्याओं पार्टी की मजबूती पर विचार किया गया. वही जनपद प्रभारी से वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि हमारी पार्टी आगामी नगर पालिका चुनाव में बहुत ही मजबूती के साथ उतरेगी तथा जीत भी सुनिश्चित करेगी उन्होंने बताया जिस प्रकार दिल्ली और पंजाब में हमारी सरकार बनी है उसी प्रकार जनपद के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में भी हमारी सरकार जल्द ही बढ़ पाएगी।

## बीज भंडार के दुकानदार ने किसानों को मक्का का गलत बीज दे दिया




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद से है जहां बीज भंडार के दुकानदार ने किसानों को मक्का का गलत बीज दे दिया जिससे सैकड़ों किसान बेहद परेशान नजर आ रहे है मक्का पकने के समय तक मक्का में दाने नही पड़े है, पीड़ित किसान जब बीज भंडार दुकानदारों के पास शिकायत करने गए तो बीज दुकानदार ने किसानों से अभद्रता करते हुए बीज का बिल छीन कर धक्का मारकर भगा दिया जिसको लेकर क्षेत्रीय किसानों में काफी आक्रोश नजर रहा है,वही पीड़ित किसान अब एटा जिलाधिकारी से इस बीज दुकानदार की शिकायत कर कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहे है,और आक्रोशित किसानों ने कहा कि जब तक हमे न्याय नहीं मिलेगा हम सभी किसान कल से जिलाधिकारी एटा कार्यालय पर बैठकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करगे, किसानों ने कहा कि जब तक गलत बीज बेचने वाले दुकानदार पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होगी और किसानों की फसल का उचित मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक हम लोग कलक्ट्रेट धरना स्थल पर बैठे रहेगे।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# हादसे में 5 कांवरियों की मौत व 3 के घायल होने से राजेपुर रठौरी गांव में सन्नाटा

हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -राजेपुर फर्रुखाबाद एक ही गांव के पांच युवकों की मौत व तीन के घायल हो जाने से राजेपुर रठौरी गांव में मातम छा गया है। थाना राजेपुर के ग्राम राजेपुर रठौरी गांव के 8 युवक ईको कार के बहन से जल चढ़ाने हरिद्वार गए थे सभी लोग जल चढ़ाकर रात में वापस लौट रहे थे। रास्ते में आज तडके जनपद बिजनौर थाना मंडावली लकड़हान नदी पुल के पास मूसेपुर गांव के सामने रुहेलखंड डिपो की बस से सीधी जबरदस्त भिड़ंत हो गई। मंडावली थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। राजेपुर रठौरी गांव में आज सुबह खबर दी गई कि 4 कांवरियों की मौत हो गई है 4 घायलों का इलाज किया जा रहा है। जिनकी भी हालत गंभीर व खतरे से बाहर बताई गई। बाद में पवन की जनपद मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि पवन तेली पुत्र शिवनंदन मंजीत तेली पुत्र रमेश चंद अशोक यादव पुत्र मदन पाल सच्चिदानंद कुशवाहा पुत्र महेश्वर सिंह। धर्मेंद्र यादव पुज्ञ गुड्डू यादव की मौत हो गई है। जबकि सुमित पुत्र रामअवतार अमित कुमार सिंह पुत्र महेश्वर एवं आरके घायल हुए हैं। घायल अमित विपिन महेशपुर गांव के रहने वाले हैं बताया गया कि अशोक यादव व धर्मेंद्र मां बाप के एकमात्र पुत्र थे धर्मेंद्र यादव सीएचसी कमालगंज में कंप्यूटर ऑपरेटर था जबकि अशोक



बैंक ऑफ इंडिया राजेपुर में चतुर्थ श्रेणी पद पर तैनात था। जबकि घायल अमित सीएससी राजेपुर में कंप्यूटर ऑपरेटर है। कांवरिये राजेपुर निवासी खेमकरण तेली की ईको कार को किराए पर ले गए थे कार को खेमकरण का बेटा रोहित चला रहा था। बड़े हादसे की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों में हलचल व्याप्त हो गई। सीओ एवं राजेपुर थाना अध्यक्ष दिनेश गौतम ने गांव जाकर घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिवार की मदद करने का वादा किया। बताया गया कि 5 कांवरियों की मौत पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख व्यक्त करते हुए घायलों का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्विटर पर बिजनौर में हुए सड़क हादसे में जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश जिला प्रशासन के अधिकारी घटना पर नजर बनाए रखे हैं।

## आम आदमी पार्टी फर्रुखाबाद के पूर्व पदाधिकारियों की बैठक मन्नत गेस्ट हाउस मे संपन्न



हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -फर्रुखाबाद चांदपुर घटियाघाट मे आज दिनांक 31/7/2022/को आम आदमी पार्टी फर्रुखाबाद के पूर्व पदाधिकारियों की बैठक मन्नत गेस्ट हाउस चांदपुर घटिया घाट रोड पर संपन्न हुई जिसमें पूर्व पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने की कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला महासचिव राज गौरव पांडे ने की इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी को आगे आकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी का सहयोग मांगा सभी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के दिशा निर्देश में पार्टी को आगे बढ़ाने का सभी ने पालन करने के लिए कहा आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी आगामी नगर निकाय चुनाव पूरी ताकत के साथ पढ़कर अपना परचम लहराएंगे और सभी कार्यकर्ताओं से तिरंगा शाखा में भाग लेने का आह्वान किया सभी कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनपद में आम आदमी पार्टी को गति प्रदान करने के लिए जल्द से जल्द सभी पूर्व पदाधिकारी संजय भैया एवं अन्य पदाधिकारियों से शीघ्र भेंट करेंगे और फर्रुखाबाद की स्थिति से अवगत कराएंगे वही सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी को आगे बढ़ाने में एवं सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का सभी ने संकल्प लिया पार्टी जल्द ही स्थानीय नगर निकाय के मुद्दों को लेकर जन आंदोलन करेगी पूर्व कोषाध्यक्ष अखिलेश कटियार बसंत कटिहार पूर्व जिला उपाध्यक्ष सलीम खान रामशरण दुबे अनिल शर्मा केशवचंद्र कटिहार राकेश पाल सुरेश चंद्र द्विवेदी हरिओम कुशवाहा सुरेश चंद भास्कर धनंजय मिश्रा दाताराम राज शर्मा रमाकांत शाक्य काशीराम कुशवाहा विवेक कुमार कुशवाहा पिंटू शाक्य अजीत पाल राजेंद् जाटव नरेश चंद्र सुरेश चंद केशव चंद गुप्ता

## संभल में स्थित हरिहर मंदिर को मुक्त कराने और जल चढ़ाने को लेकर सड़कों पर निकला हिंदू संगठन पुलिस ने रोका



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मझोला क्षेत्र मंडी समिति से श्री राम कृष्ण संघ के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने मिलकर संभल के हरिहर मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए सड़कों पर उतरे आपको बता दें श्री राम कृष्ण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश सिंह ठाकुर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने पदाधिकारियों के साथ संभल में हरिहर मंदिर को मुक्त कराने और जल अभिषेक करने के लिए जा रहे थे तभी मुरादाबाद पुलिस ने उन्हें रोक लिया उनका कहना है कि संभल के हरिहर मंदिर में मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद के तौर पर नमाज पढ़ रहे हैं वे उसे मुक्त कराना चाहते हैं और वे जलाभिषेक करने जा रहे थे जिसे पुलिस ने रोक लिया जिसके बाद उन्होंने क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार को ज्ञापन दिया

# आशा द होप के द्वारा सावन उत्सव सेवा कुंज सूरजपुर में मनाया गया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-आशा द होप के द्वारा सावन उत्सव सेवा कुंज सूरजपुर में मनाया गया। जिसमें 20 प्रतियोगी ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें से मिसेज नैंसी गुप्ता ने सावन सुंदरी का खिताब जीता साथ ही पल्लवी गुड़िया मीस सूरजपुर बनी। कार्यक्रम में आदरणीय लता गोयल और रेखा गोयल जी को मुख्य अतिथि के रूप पर मंचासीन किया गया। सावन महोत्सव में सामूहिक ओपन होजी गेम का आयोजन किया गया था साथ ही सूरजपुर की विभिन्न संगठन संस्था से आए

अध्यक्ष जैसे अग्रवाल महिला मंडल से बीजिया अग्रवाल, संस्कृति शाखा से सपना अग्रवाल, महिला सम्मेलन से ममता अग्रवाल, भैयाथान महिला मंडल से रितु बंसल कार्यक्रम में उपस्थित थे ।और आशा द होप की तरफ से श्रीफल एवं बुके देकर उनका सम्मान किया गया । कार्यक्रम की सफलता में हमारी आशा द होप की पूरी टीम को मैं हेमलता गुप्ता बहुत-बहुत बधाई देती हूं साथ ही हमारी टीम की सीमा गर्ग का बहुत योगदान रहा कार्यक्रम को सफल बनाने में। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य अध्यक्ष मीना राजेंद्रन, कोषा अध्यक्ष किरण मोंगिया, सह सचिव संतोष यादव, कविता पांडे, कुसुम जैन, मंजू ठाकुर, गीता उपाध्याय, ममता अग्रवाल, शांता दोषी, सुमन वर्मा, अरुणा शर्मा, सुरजा जैन आदि उपस्थित थे। साथ ही बहुत बड़ा वाला धन्यवाद हमारी पूरी टीम की ओर से राहुल भैया ( टिंकू ) को जिन के सहयोग से हम इतना बड़ा कार्यक्रम कर पाए। और आशा करते हैं कि आंखें भी हमें राहुल भैया का सहयोग मिलता रहेगा। कार्यक्रम में आकांक्षा भाभी एवं मीना दीदी उपस्थित थे जिनके द्वारा हमने मिसेज सावन सुंदरी मिस सूरजपुर की ट्रॉफी विजेता को सम्मान कराई।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिहारपुर की अध्यक्षता में हुआ बैठक संपन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कांग्रेस पार्टी संगठन महामंत्री बेचू राम बैस के द्वारा सामुदायिक भवन बिहारपुर चांदनी में बैठक बुलाया गया। जिसमें सभी कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित होकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। और मुख्य रूप से 9 अगस्त को संगठन पदयात्रा नावटोला से पासल चौक तक श्री पारसनाथ राजवाड़े विधायक व संसदीय सचिव के अगुवाई में होगी। साथ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं क्षेत्र की सम्मानित जनता के द्वारा पदयात्रा किया जाएगा। और बैठक के दौरान कांग्रेस संगठन में नव निर्वाचन चुनाव कराने की मांग के संबंध में चर्चा किया गया। एवं आने वाले 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर सभी आपस में एकत्र होकर ध्वजारोहण करने पर विचार किया। इस दौरान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मंन्देश गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष गोरखनाथ पाठक, युवा मोर्चा अध्यक्ष कमलेश यादव, राम बेचन सिंह पटेल, विष्णु दयाल यादव, विजेंद्र काशी धर्मदास बैस, रामप्रताप बैस, रामलक्षन बैस, जिजेंद्र साकेत, ब्रह्मदेव जायसवाल ,भैया लाल गुप्ता, गोपीचंद, शंकर सिंह, शिशुपाल जायसवाल, जगन्नाथ सोनी, रामजतन पटेल, अयोध्या प्रसाद बैस, विजय बहादुर जायसवाल, बृजेश गुप्ता, रामधन काशी, राम गोपाल बैस, धर्मजीत सिंह, बलिराम एक्का, सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।